# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरण :कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 दिसंबर.** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में झल्लार निवासी श्री रामसिंह किराड़ ने आवेदन के माध्यम से अपनी कृषि भूमि पर हुए अतिक्रमण की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम और नायब तहसीलदार झल्लार को आवेदन की मौका जांच कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्लॉट पर नाली निर्माण होने की शिकायत पर दिए जांच के निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई के भगत सिंह वार्ड निवासी अजाबराव ने प्लॉट पर नाली निर्माण होने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई सीएमओ को आवेदक के प्लॉट पर नाली निर्माण होने संबंधी समस्या की विस्तृत जांच कर निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल जनपद के ग्राम गोराखार की जगंता उईके ने अपनी भूमि पर पीएम आवास नहीं बनाने देने के संबंध में अपनी समस्या



कलेक्टर श्री सूर्यवंशी की बताई, जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बैतूल को आवेदिका की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बैतूल निवासी गणेश भागबेले ने एनपीएस कार्ड में मीनिंग सुधारे जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम कोथलकुंड के ग्रामीणों ने 8 वर्षों से अपूर्ण पाइपलाइन और विद्युतीकरण के कार्य की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई ईई को प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। किसानों ने आवेदन के माध्यम से पारसडोह जलाशय का चक क्रमांक 106 में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत करते हुए उक्त चक को मुख्य पाइप से जोड़ने की मांग की, ताकि किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकें।

### विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करें

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम खेड़ी कोर्ट निवासी अश्विन पांसे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन टंकी और पाइपलाइन का कार्य अधूरा है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत और पीएचई ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी गणेश भागबेले ने एनपीएस कार्ड में मीनिंग सुधारे जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम कोथलकुंड के ग्रामीणों ने 8 वर्षों से अपूर्ण पाइपलाइन और विद्युतीकरण के कार्य की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई ईई को प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### पीएम आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम गौला निवासी विट्ठलराव हुरमाडे सहित अन्य किसानों ने आवेदन के माध्यम से पारसडोह जलाशय का चक क्रमांक 106 में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत करते हुए उक्त चक को मुख्य पाइप से जोड़ने की मांग की, ताकि किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकें। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को मौका स्थल का निरीक्षण कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील निवासी किरण प्रजापति ने आवेदन के माध्यम से भूमि उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, समस्त जिला नोडल अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि 23 दिसम्बर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का जिले में आगमन होगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के परिपालन में पुलिस ग्राउंड बैतूल में विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें अलग-अलग विधा के 12 चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। बैठक में जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि चौकीकर, सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सिते, एनसीडी नोडल डॉ श्रेयश ठाकुर सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## एक नजर में

### शुल्क चुकाए बिना मक्का ले जा रहा ट्रक पकड़ाया

**मुलताई।** मुलताई अमरावती रोड पर कृषि मंडी की टीम द्वारा सोमवार रात करीब 10.30 बजे वाहनों की जांच के दौरान बिना मंडी टैक्स जमा किए मक्का लेकर महाराष्ट्र की ओर जा रहे ट्रक को जप्त कर मंडी टैक्स का 5 गुना अर्थदंड जमा कराकर ट्रक को छोड़ा है। जो कि बोरदेही क्षेत्र से भरकर ले जा रहा था। मंडी सचिव शीला खातरकर ने बताया अमरावती रोड पर सोमवार कि रात मंडी टीम द्वारा वाहनों की जांच कि जा रही थी. इस दौरान मुलताई की ओर से आ रहे एक ट्रक को रोककर जांच की तो ट्रक में मक्का भरा हुआ था। मंडी कर्मचारियों द्वारा ट्रक चालक आवश्यक दस्तावेज पूछे तो ट्रक चालक के पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं थे। जिस पर ट्रक जप्त कर मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है। मंगलवार को मंडी अधिकारियो द्वारा उक्त ट्रक में 34 टन मक्का पाते हुए मंडी टैक्स की 5 गुना राशि करीब 40 हजार रुपए अर्थदंड की राशि जमा कराकर ट्रक छोड़ा गया है।

### दुष्कर्म का तीसरा आरोपी गिरफ्त से बाहर

**मुलताई।** थाना क्षेत्र मुलताई में निवास करने वाली एक युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में तीसरा आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में तीसरे आरोपी पर भी मुख्य आरोपी को दुष्कर्म होटल उपलब्ध कराने के आरोप है। एसडीओपी एसके सिंह ने बताया उक्त मामले में मुख्य सोमिन पिता शेख रईस का जमानत आवेदन अभियोजन द्वारा ली गई आपत्ति के बाद न्यायालय द्वारा ?रिज कर दिया है। वहीं मामले में बैतूल रोड पर संसुद्रा चेक पोस्ट के आगे स्थित होटल कान्हा के संचालक की तलाश की जा रही है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी उक्त मामले में जब उनसे पुलिस द्वारा पूर्व में राजीनामा कराए जाने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के मामले में कोई समझौता नहीं होता है, उन्हें समझौते के संबंध कोई जानकारी नहीं है। मामले में विवेचना जारी है।

### कल निकलेगी पालकी यात्रा

**बैतूल।** प्रतिवर्षानुसार बैतूल से शेगांव संत गजानन धाम जाने वाली पालकी यात्रा कल गुरूवार प्रात- 8 बजे संत गजानन मंदिर मराठी मोहल्ला कोठीबाजार से निकलेगी।

## अभियान : विद्यार्थियों को बताए शासकीय कॉलेज के फायदे

**बैतूल। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।**

कॉलेज चले अभियान विभिन्न गतिविधियां

विद्यार्थियों से भरवाए गए फीडबैक फार्म

अभियान प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में जिला योजना अधिकारी एवं सहायक जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सुबोध शर्मा के साथ गत वर्ष उत्तीर्ण एवं ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की स्थिति के विषय में चर्चा की गई। स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज के भ्रमण के दौरान लगभग 87 विद्यार्थियों के साथ ई प्रवेश 2026-27 के संबंध में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की गई। विद्यालय के प्राचार्य ललित लाल लिल्होरे ने विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय में अध्ययन के लाभ बताए।



अभियान के संयोजक प्रो.राकेश कुमार पवार ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं दी जाती है जैसे छात्रवृत्ति, हॉस्टल आदि।

प्रो.दुर्गेश राने द्वारा विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। डॉ.महेंद्र नावंगे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शोध व अनुसंधान तथा फील्ड प्रोजेक्ट आदि के बारे में जानकारी दी। अंत में विद्यार्थियों से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए।

## जल संरक्षण को लेकर किया बोरी बंधान

**बैतूल। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी के तत्वावधान में ग्राम भुडकी में जल संरक्षण को लेकर बोरी बंधान निर्माण का कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।**

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच शेखर कुमरे, ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी संतोष सिंह राजपूत, ग्राम पर्यटन समिति के प्रमुख अनिल उइके, नवांकुर संस्था एकता ग्रामीण जन सहयोग के श्याम बेलवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से पम्मु धुर्वे और मुकेश उइके सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक संतोष सिंह राजपूत ने बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जनसहभागिता से छोटे बोरी बंधान और स्टॉप डैम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले में 30 दिसंबर तक सक्रिय रहेगा। अंत में मुकेश उइके ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



## सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण

**बैतूल।** मुख्यमंत्री द्वारा जिले के पुलिस ग्राउंड में 23 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि के आगमन व्यवस्था, मंच निर्माण, विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी, लोगों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



## पावर लिफ्टिंग में सोहन का शानदार प्रदर्शन

**बैतूल। धार जिले के बदनावर में आयोजित धार डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में बैतूल के युवा खिलाड़ी सोहन सिंह पिता बलवान सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।**

इस प्रतियोगिता का आयोजन रेडबुल जिम, बदनावर द्वारा किया गया, जो मध्यप्रदेश रॉ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में संपन्न हुई। 14 दिसंबर 2025 को आयोजित इस चैंपियनशिप में सोहन सिंह ने अपनी ताकत और तकनीक से निर्णायकों के साथ दर्शकों को भी प्रभावित किया। 18 वर्षीय सोहन सिंह ने सब जूनियर वर्ग 14 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग में बॉडी वेट 57 किलोग्राम श्रेणी में भाग लिया। उन्होंने डेडलिफ्ट, स्क्वॉट और बेंच प्रेस तीनों कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। एक ही प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने धार जिला पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना दबदबा साबित किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर सोहन सिंह का चयन ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 के लिए किया गया है, जिसे बैतूल जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस सफलता पर समूह सिख समाज एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बैतूल ने सोहन सिंह को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी।




## स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर कांग्रेस ने जताई चिंता

**बैतूल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर तथा विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। आवेदन में क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अस्पताल और विकासखंड स्तर पर व्यवस्थाओं को और बेहतर किए जाने की आवश्यकता है, ताकि आम नागरिकों को समय पर उपचार मिल सके। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता नरेंद्र मिश्रा, राहुल उइके, अमित तिवारी और ओमप्रकाश कावड़कर उपस्थित रहे। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कई बार मरीजों को सामान्य उपचार के लिए भी असुविधा का सामना करना पड़ता है, वहीं गंभीर मरीजों के उपचार में भी चुनौतियां सामने आती हैं। अस्पताल प्रबंधन और विकासखंड स्तर पर समन्वय को मजबूत करने की जरूरत है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। कांग्रेस नेताओं ने अपने आवेदन में पूर्व में ग्राम चिरमाटेकरी में फैली बीमारी के दौरान उत्पन्न हुई परिस्थितियों का भी उल्लेख किया है और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए समय पर ठोस कदम उठाए जाना आवश्यक है।

## नितिन गाडरे ने कमलनाथ से की मुलाकात

**आमला।** नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने दिल्ली प्रवास के दौरान काँग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से भेंट कर उनका आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया ने नपा अध्यक्ष अपनी टीम के साथ अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ में रैली में शामिल होने दिल्ली पहुँचे थे गाडरे रविवार काँग्रेस की विशाल रैली में शामिल हुए उसके बाद काँग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह पूर्व मंत्री ने कांतिलाल भूरिया,युवा कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी, युवा काँग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा आदिवासी काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया से भेंट कर आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया कांग्रेस की महारैली में शामिल होकर वापिस आए नितिन गाडरे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया रविवार आयोजित महारैली में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया की जल्द काँग्रेस का समय वापस आने वाला है और सभी जगह काँग्रेस की सरकारे बनेगी।



## अवैध वसूली ने ली युवक की जान, 1 करोड़ मुआवजा देने की मांग

**बैतूल।** नेशनल हाइवे पर ससुंद्रा और उभारीया के बीच लंबे समय से चल रही अवैध वाहन वसूली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में ग्रामीणों और कांग्रेस जनों ने इस अवैध वसूली को एक आदिवासी युवक की मौत का सीधा कारण बताया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ससुंद्रा और उभारीया के बीच नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे आरटीओ लिखा वाहन खड़ा कर तथा अज्ञात लोगों द्वारा बेरिकेट लगाकर वाहन चालकों से अवैध रूप से वसूली की जा रही है। अचानक हाइवे पर बड़े वाहनों को रोके जाने से पीछे से आने वाले वाहन अनियंत्रित होकर टकरा जाते हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी अवैध वसूली और अव्यवस्थित रोक-टोक के कारण उभारीया निवासी आदिवासी युवक नवीन करोचे गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसकी भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और असंतोष का माहौल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं सुनियोजित लापरवाही और अवैध वसूली का नतीजा है। उन्होंने कहा कि गरीब और आदिवासी परिवारों की जान की कोई कीमत नहीं समझी जा रही है, यह बेहद शर्मनाक है। निलय विनोद डागा ने मांग की कि चेक पोस्ट प्रभारी अनिमेश जैन एवं पंकज श्रीवास्तव तथा उनके अवैध रूप से नियुक्त निजी लोगों पर उभारीया निवासी नवीन करोचे की हत्या का मामला दर्ज किया जाए और उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए।



**आयोजन** 25 से 29 दिसम्बर तक मंगलवार बाजार स्थल पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

## युग निर्माण योजना मनुष्य की नहीं भगवान की बनाई हुई है, सफल होकर रहेगी

**मुलताई। नगर में बैतूल रोड पर मंगलवार बाजार स्थल पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आगामी 25 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है।**

जिसके लिए मंगलवार को प्रस्तावित यज्ञ स्थल पर मध्यप्रदेश जोन के सह समन्वयक रामचंद्र गायकवाड ,उपजोन समन्वयक दिनेश देशमुख, उपजोन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे,जिला समन्वय समिति के सह समन्वयक रवि शंकर पारखे,मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर तहसील समन्वयक नारायण देशमुख की मुख्य उपस्थिति में योगेश साहू द्वारा भूमि पूजन कराया गया। जिसमें गायत्री परिवार मुलताई के सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहनों सहित सांडिया सोनोरा, लिहदा,आदि ग्रामों से गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ताओ ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जोन के सह समन्वयक रामचंद्र गायकवाड़ ने उपस्थित परिजनों को मिलजुल कर कार्य करते हुए इस पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। भूमि पूजन के पश्चात गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में तहसील स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुलताई तहसील के ग्राम सांडिया, बरखेड खेड़ीकोर्ट, लिहदा, माथनी महतपुर, सोनोरा, उमनपेठ, सरई, दुनावा, जाम सहित 16 नवचेतना केंद्रों से सक्रिय परिजन उपस्थित रहे। श्री गायकवाड़ ने पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के व्यक्तित्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि युग निर्माण योजना किसी मनुष्य की बनाई हुई योजना नहीं है स्वयं पूज्य गुरुदेव ने कहा है कि युग निर्माण योजना मनुष्य की नहीं बल्कि ईश्वरीय योजना है और यह योजना सफल होकर रहेगी। ही दिनेश देशमुख ने मंडलों के निर्माण, नवचेतना केंद्रों के निर्माण करने एवं नव गठित मंडलों को सक्रिय करने पाक्षिक पत्रिकाओं की सदस्य संख्या बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन दिया ।



### खुशबू लॉन में जलसा द सतरंगी मेला का शुभारंभ

बैतूल। महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल द्वारा आयोजित जलसाड्ढद सतरंगी मेला (एग्जीबिशन) का 16 दिसंबर को खुशबू लॉन, गंज में विधिवत शुभारंभ हो गया। सुबह 11-30 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रीजनड्ढ7 के वाइस चेयरपर्सन वीर प्रदीप टोंगिया मुख्य अतिथि के रूप में एवं शांतिलाल तातेड़ एवं अरुण गोठी भी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर एमआई यूथ सृजन का भी इनॉगरेशन किया गया। उद्घाटन समारोह में महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल की महिला सदस्यों ने एमआई की पर्पल साड़ी ड्रेस कोड में सहभागिता की।

## पॉवर प्लांट के मुख्य अभियंता का किया सम्मान

**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने पावर प्लांट के मुख्य अभियंता वीके कैथवार का प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मान किया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता वीके केथवार ने बेहतर प्रबंधन,जनहितकारी कार्यों एवं सेवा भावना को देखते हुए सम्मान दिया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार बोरासी ने कहा कि मुख्य अभियंता व्ही के कैथवार के दिशा निर्देश में गेट क्रमांक 7 में जल परी का भव्य और सुंदर स्वरूप, एमपीजीसीएल शाइन बोर्ड एवं लाइटिंग मुख्य द्वार पर स्थापित की गई, जो कि सारनी की सुंदरता में चार चांद लगाएं है. श्री बौरासी ने कहा कि संगठन 2016 से कार्य कर रहा है और पूरे प्रदेश में 54 हज़ार से ऊपर पदाधिकारी है एवं जिले में 9 हज़ार से ऊपर जिला और तहसील सदस्य है। संगठन का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक अपनी बात पहुंच रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी, जिला महामंत्री ,संतोष कैथवास, जिला मंत्री, राकेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्णा साहू जिला उप महामंत्री , मुकेश सोनी, जिला उप संगठन मंत्री ,यमल शर्मा,जिला संयुक्त सचिव ,पवन चौरसिया, मनीष जैन,जिला प्रतिनिधि हेमंत रघुवंशी, जिला वरिष्ठ संयोजक, जय शिंदे ,जिला मीडिया प्रभारी योगेश गोस्वामी, जिला महासचिव ओंमकार सिंह, संजय यादव एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

